## Event-wise Newspaper clippings




रैली में शामिल सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं.

**Publish on 6th June 2023 Parabhat Khabar World Environment Day**

### संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में क

समस्तीपुर,वि. : संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। लोगों के बीच पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस साल का थीम आधुनिकता के इस दौर में हमें और हमारी प्रकृति को प्लास्टिक प्रदूषण से हो रहे नुकसान पर केंद्रीत करना है। प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी ने महाविद्यालय में पौधारोपण किया। सहायक प्राध्यापक आदित्य प्रकाश के नेतृत्व में प्रशिक्षुओं ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली जो महाविद्यालय परिसर से झहुरी तक निकली। तत्पश्चात प्रशिक्षुओं के बीच पर्यावरण जागरूकता के लिए निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। इस कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार, तहसीन आलम कादरी, नंदेश कुमार ठाकुर, मिथिलेश कुमार, नरेंद्र कुमार ,संजीव कुमार, अवनीत कुमार, डॉक्टर पवन कुमार ,श्वेता कुमारी महाविद्यालय के ग़ैर शिक्षक साथी सूरज कुमार, अमरजीत कुमार, आरके भारती उपस्थित रहे।

**Publish on 6th June 2023 Dainik Jagran World Environment Day**

प्रतिनिधि,कल्याणपुर

बिरसिंहपुर स्थित सेंटपाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में जारी दो दिवसीय सेमिनार के अंतिम दिन गुरुवार को व्याख्यान पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि पटना यूनिवर्सिटी के शिक्षण शाखा के डीन प्रो. खगेंद्र कुमार ने कहा कि प्रशिक्षु शिक्षकों पर बदलाव लाने के लिए महती जवाबदेही है.

वह समाज के प्रत्येक व्यक्ति की रुचि व सुचिता के आधार पर बदलाव को समाज में ला सकते हैं. भाजपा नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत निर्गुणी ने कहा कि शैक्षणिक बदलाव में समय अनुसार बदलाव लाना जरूरी है. लेकिन कुछ चीजें बच्चों के बौद्धिक विकास के में उसके सृजन से दूर कर देती है. बेनीपुर के विधायक सह मिथिला यूनिवर्सिटी के प्रो. विनय चौधरी ने कहा कि शैक्षणिक बदलाव में शिक्षक व गुरु का एक अहम स्थान है. संगोष्ठी में जाकिर हुसैन टीचर्स



अतिथि को सम्मानित करते कर्मी.

ट्रेनिंग कॉलेज के शैक्षणिक विभाग के हेड एमए खान व प्रो. एमए हाशमी के साथ पूर्व प्राचार्य डॉ भोला चौरसिया ने भी अपने विचार रखे. कार्यक्रम की शुरुआत डॉ रोली द्विवेदी ने आगत अतिथियों के सम्मान में स्वागत भाषण देकर की. अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष उमा चरण प्रसाद सिंह ने की. सचिव अविनाश कुमार, जेपीएन सिंह, सेंटपॉल सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एसके पिल्लई सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक व कर्मी उपस्थित थे.

**Publish on 07.04.2023 Prabhat Khabar "National Seminar"**

IQAC Co-ordinator
SPTTCB, Samastipur (Bihar)

PRINCIPAL
St. Paul Teachers' Training College
Birsinghpur
Jhahuri, Samastipur

# कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का किया गया आयोजन



प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल छात्र व अन्य।

समस्तीपुर|संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर समस्तीपुर में करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के प्रशिक्षु जानकारी प्रदान कर जॉब के लिए साक्षात्कार लिया गया। इसमें 100 छात्र-छात्राओं ने साक्षात्कार दिया। इस अवसर पर संबंधित विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी, प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रोफेसर मुकेश कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर मनोज कुमार आदि थे।

**Publish on 14.05.2023 Dainik Bhaskar "Placement Drive"**

# संत पाल व आरएल महतो में स्वामी विवेकानंद की मनी जयंती

समस्तीपुर,वि. : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज परिसर में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामीजी के आदर्शों को लगातार याद रखें। इसमें डीएलएड विभागाध्यक्ष डा. एपी सिंह, प्राध्यापक मनोज कुमार, आदित्य प्रकाश,बी.एड के प्रशिक्षु नीतीश कुमार,पवन कुमार और रोशन कुमार ने भी अपना विचार प्रकट किया। वहीं दलसिंहसराय स्थित आरएल महतो बीएड कालेज में भी स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डा. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा सन्यासी, शिक्षा शास्त्री, देशभक्त तथा समाज सुधारक थे। असिस्टेंट प्रोफेसर निर्मल-कुमार चंचल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में सुजीत कुमार प्रथम स्थान, सुप्रिया भारती द्वितीय स्थान तथा सोनी कुमारी तृतीय तथा ड्राइंग प्रतियोगिता में श्वेता राज प्रथम रहीं।



श्रद्धांजलि अर्पित करतीं प्राचार्या डा. रौली द्विवेदी ● जागरण

**Publish on 13.01.2023 Dainik Jagran "Swami Vivekanand Jayanti"**

# शुरुआती दौर में ही पता चल जाने पर कैंसर का इलाज संभव

- कल्याणपुर प्रखंड के बीरसिंहपुर में 25 लोगों की हुई स्क्रीनिंग
- राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता के दिवस के अवसर पर कैंप का आयोजन

जागरण संवाददाता, समस्तीपुर : राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता के दिवस के अवसर पर परामर्श सप्ताह को लेकर बुधवार को कल्याणपुर प्रखंड स्थित संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में स्क्रीनिंग कैंप आयोजित हुई। इस दौरान जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इसमें 200 छात्रों को जागरूक किया गया। वहीं 25 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। होमी भामा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर की टीम द्वारा कैंसर स्क्रीनिंग की गई। डा. खुशबू ने बताया कि समय से जांच की पहचान होने पर आसानी से कैंसर को काफी हद तक कम कर सकते हैं। कैंसर जैसे भयानक बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। कैंसर का इलाज समय से शुरू होने पर इसे कम किया जा सकता है। मौके पर मनीष कुमार, निशा कुमारी, शारिका, काउंसलर पिंकी कुमारी, प्राचार्या रौली द्विवेदी, शिक्षक डा. अनिल प्रसाद, मनोज कुमार, सुरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, चंद्रभूषण मिश्रा, नरेंद्र कुमार, पार्थ घोष आदि उपस्थित रहे।

**14 नवंबर तक चलेगा परामर्श सप्ताह :** जानलेवा बीमारी कैंसर से बचाव के लिए लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलानी जरूरी है। गैर संचारी रोग की श्रेणी में आने वाली यह बीमारी हृदय रोग से होने वाली मृत्यु के बाद दूसरा सबसे बड़ा कारण है, जिससे लोगों की मृत्यु होती है। कैंसर से होने वाली मृत्यु में सबसे बड़ा योगदान तंबाकू के उपयोग से होने वाली कैंसर का है। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 14 नवंबर तक निशुल्क कैंसर रोग परामर्श सप्ताह का आयोजन किया जाना है।




कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सक व अन्य ● जागरण

IQAC Co-ordinator
SPTTCB, Samastipur (Bihar)

**Publish on 10.11.2022 Dainik Jagran "Cancer Awareness Programme"**

PRINCIPAL
St Paul Teachers' Training College
Birsinghpur
Jhahuri, Samastipur

## प्रशिक्षु शिक्षकों को दिया योग का टिप्स



**कल्याणपुर.** सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में जारी योग शिविर छह दिनों तक चलेगा. इसमें योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है. ताकि आने वाले समय में खुद स्वस्थ रहने के साथ शिक्षक बनने पर बच्चों को भी इसका लाभ मिल सके. महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि कॉलेज प्रत्येक वर्ष प्रशिक्षु शिक्षकों को छह दिवसीय योग कैंप लगाकर इसके बारे में विस्तृत जानकारी दिलाता है. इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी, डॉ एके सिंह, कुमार सौरभ मौजूद थे. बता दें कि पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा शिक्षक स्वामी प्राणदेव प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास करा रहे हैं.

**Publish on 04.04.2022 Prabhat Khabar "Yoga Programme"**

## सरकारी नौकरी का परिचय देते हुए मिलने वाले लाभ से कराया अवगत

काउंसेलिंग

प्रतिनिधि,कल्याणपुर



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि .

संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में कैरियर और काउंसलिंग सेल के तत्वाधान में महाविद्यालय बीएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं की काउंसलिंग की गयी. प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी, विभागाध्यक्ष डॉ एपी सिंह, मुख्य अतिथि प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की.

डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ एपी सिंह ने छात्रों को सरकारी नौकरियों का परिचय देते हुए उससे मिलने वाले समस्त लाभ से अवगत कराया. मुख्य अतिथि प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा सभी को सरकारी नौकरी मिलना बहुत मुश्किल है. लेकिन अगर क्रमबद्ध प्रशिक्षण लिया जाये, तो शिक्षक की नौकरी सबसे निश्चित विकल्प है. प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने बताया कि गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेल की शुरुआत छात्रों को बदलते परिवेश में अपने को बेहतर साबित किया जा सकता है. मार्गदर्शन और परामर्श छात्रों के प्रति धारणा और पाठ्यचर्या क्षेत्रों में बेहतर शैक्षिक प्रदर्शन को बढ़ावा देने में मददगार साबित हो सकते हैं. इस अवसर पर समिति के समन्वयक सहायक प्राध्यापक मो. निजामुद्दीन, मीना कुमारी, मिथिलेश कुमार सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित थे.

**Publish on 22.04.2023 Prabhat Khabar "Career Guidance Programme"**

## कॉलेज ने कई उत्कृष्ट शिक्षक दिये



**कल्याणपुर.** संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्रों को सम्मानित करने के साथ उनकी सफलता की कहानी से वर्तमान छात्रों के बीच रखने का अवसर दिया गया है. प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी के मार्गदर्शन में रविवार को एल्युमिनी मीट का आयोजन किया गया. इसमें कॉलेज के वर्ष 2022 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार, प्राचार्या डॉ द्विवेदी, प्राध्यापक मनोज कुमार व सहायक प्राध्यापक नंदेश कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया. ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय स्थापना के बाद से इस समाज को कई उत्कृष्ट शिक्षक प्रदान किये हैं. कई पुरातन छात्र-छात्रा विभिन्न संस्थानों में शिक्षक और प्रोफेसर बनकर योगदान दे रहे हैं. छात्रा प्रियंका कुमारी ने नृत्य के माध्यम से स्वयं को अनुकरणीय उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया. राजलक्ष्मी कुमारी और रत्नेश कुमार ने भी संस्था के प्रति अपनी सकारात्मक भावना व्यक्त की. संचालक निष्ठा मिश्रा और छात्र अमरनाथ कुमार ने किया. इस मौके पर को-ऑर्डिनेटर सहायक प्राध्यापक सीबी मिश्रा मौजूद थे.

IQAC
Co-ordinator
SPTTCB, Samastipur (Bihar)

PRINCIPAL
St Paul Teachers' Training College
Birsinghpur
Jhahuri, Samastipur

**Publish on 13.03.2023 Prabhat Khabar "Alumni Meet-2023"**

## प्रशिक्षुओं को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

**कल्याणपुर.** सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर पर शुक्रवार को प्रशिक्षु शिक्षकों के बीच आईआईटी खड़गपुर के प्राध्यापक प्रो. एमबी शरण ने संगोष्ठी में भाग लेकर प्रशिक्षु शिक्षकों को तकनीक के माध्यम से शिक्षा प्रसार पर जोर दिया. उनका बताना था कि दुनिया में तकनीक व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नित नये बदलाव हो रहे हैं. जिसके माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा सकती है. विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बच्चों को तकनीक के माध्यम से शिक्षण विधि का गुर दिया. मौके पर आयोजित कार्यशाला के विषय प्रभावशाली अध्ययन एवं शिक्षण कौशल को लेकर कालेज की प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी ने अपने विचार रखते हुए शिक्षण में प्रौद्योगिकी के महत्व के बारे में प्रशिक्षु शिक्षकों को रूबरू कराया. मौके पर प्राध्यापक अमरेंद्र कुमार, तहसीन आलम, श्याम किशोर सिंह ने अपने विचार रखे.

**Publish on Prabhat Khabar "Extension Lecture by M.B.Sharan"**

## टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में लगी विज्ञान प्रदर्शनी



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि • जागरण

समस्तीपुर : राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं द्वारा विज्ञान व गणित के मॉडलों की 70 मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी, विभागाध्यक्ष डॉ एपी सिंह एवं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट नोडल ऑफिसर नैक के प्रो. डॉ एनके अग्रवाल थे। संचालन सहायक प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने किया। प्रशिक्षुओं द्वारा बनाए गए मॉडल का पर्यवेक्षण कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले प्रशिक्षु को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कालेज के सहायक प्राध्यापक मनोज कुमार, तहसीन आलम कादरी, नंदेश कुमार ठाकुर, अर्पणा कुमारी नरेंद्र कुमार, संजीव कुमार उपस्थित रहे।

**Publish on 02.03.2023 Dainik Jagran "National Science Day"**

कैंपस अलर्ट

## सेंटपाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हुई संगोष्ठी



**कल्याणपुर.** वीरसिंहपुर स्थित सेंटपॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पीपीएन सिंह ऑडिटोरियम में मंगलवार को अचिविंग सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल : थ्रू एजुकेशन 4.0 विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई. मुख्य अतिथि डॉ उपेंद्र कुमार व विनोद बिहारी महतो थे. विशिष्ट अतिथियों के रूप में उत्तर प्रदेश बाराबंकी के अवध यूनिवर्सिटी के पीजी कॉलेज हैदरगढ़ के डॉ राजेंद्र कुमार यादव व रामप्रीत महाविद्यालय गाजीपुर के डॉ अरविंद कुमार ने शिरकत की. उद्घाटन महाविद्यालय के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्या रोली द्विवेदी व सचिव अविनाश कुमार ने किया. संचालन प्रो. आदित्य प्रकाश व प्रशिक्षु अलका कुमारी ने किया. शुरुआत गणेश वंदना के साथ प्रो. संजीव कुमार व प्रो. अमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया. स्वागत गीत की प्रस्तुति डीएलएड की मीनाक्षी, सपना व बीएड की अंशु ने किया. राष्ट्रीय गीत सपना के द्वारा प्रस्तुत किया. इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ उपेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लेकर कई जानकारियां दीं. कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय की प्राचार्या ने किया. मॉनीटरिंग सचिव अविनाश कुमार ने किया.

IQAC
Co-ordinator
SPTTCB, Samastipur (Bihar)

PRINCIPAL
St. Paul Teachers' Training College
Birsinghpur
Jhahuri, Samastipur

**Publish on 28.12.2022 Prabhat Khabar "Seminar SDG 4.0"**

# टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में संविधान दिवस



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि ● जागरण

**समस्तीपुर,वि. :** संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में संस्था के प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी के निर्देशन में कार्यक्रम प्रभारी डीएलएड के विभागाध्यक्ष डा. एपी सिंह के द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शपथ ग्रहण के साथ भारतीय संविधान की उद्देशिका (प्रस्तावना) का वाचन किया गया। संचालन प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने किया। मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक तहसीन आलम कादरी, चंद्रभूषण मिश्रा, नंदेश ठाकुर, संजीव कुमार, संतोष यादव, सुरेंद्र प्रसाद, अर्पणा कुमारी, मीना कुमारी भी थीं।

**Publish on 27.11.2022 Dainik Jagran "National Constriction Day"**

# नयी शिक्षा नीति भावी पीढ़ी के लिए उपयोगी



**कल्याणपुर.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षक शिक्षा का पुनरुद्धार विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया. संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर के सभागार में आयोजित व्याख्यान का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रोली द्विवेदी, डीएलएड के विभागाध्यक्ष डॉ एपी सिंह एवं इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व विषय विशेषज्ञ प्राचार्य मो. फैज अहमद ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया. डीएलएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सिंह ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए भावी पीढ़ी के विकास में इसे उपयोगी बताया. उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को बहुविकल्पीय शिक्षा एवं रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से क्रियान्वयन का भागीदार बनना हमारे लिए गौरव की बात है. इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मो. अहमद ने नई शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण पहलुओं को विस्तार से वर्णित करते हुए इसके लाभों पर चर्चा की. कार्यक्रम शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता के सुधार में योगदान कर सकता है. साथ ही नई शिक्षा नीति में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए इसके उपयोग को उजागर किया. कॉलेज की प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी ने भी विचार रखे. इस कार्यक्रम में आये हुए सभी शिक्षाविदों का धन्यवाद ज्ञापन किया. संचालन कॉलेज के सहायक प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने किया.

**Publish on 08.11.2022 Prabhat Khabar** "Lecture on the NEP2020: Reinventing Teacher Education"

नहीं कराया है.

# ऑनलाइन पढ़ाई जारी रखने का चलाया अभियान

**कल्याणपुर.** सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के बीएड व डीएल छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई के साथ नोट मटेरियल भेजा जा रहा है. ताकि बच्चे उसका अध्ययन कर सकें. प्राचार्या ने बताया कि विश्वविद्यालय से सत्र 2018-20 एवं 2019-21 के परीक्षा के संकेत मिले हैं. इसे देखते हुए कॉलेज द्वारा परीक्षा की तैयारी ऑनलाइन माध्यम से करायी जा रही है.

IQAC
Co-ordinator
SPTTCB, Samastipur (Bihar)

PRINCIPAL
St Paul Teachers' Training College
Birsinghpur
Jhahuri, Samastipur

**Publish on 11.09.2020 Prabhat Khabar** "Online Class Study material Adv."